# मेवाड़ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**चित्तौड़गढ़ ( प्रात:काल संवाददाता )।** मेवाड़ विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन आज होगा, जिसमें वर्ष 2017-18 के उतीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री वितरण की जायेगी।

समारोह मे सम्मिलित होने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थियों ने बड़े पैमाने पर रेजिस्ट्रेशन करवाया है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 01:30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में होगी। विश्वविद्यालय मे विभिन्न संकायों मे पी.एच. डी. एमफिल, एम.टेक, बी.टेक, एम.बी.ए. आदि पाठ्यक्रम संचालित है। राजस्थान सहित देश के 29 राज्यों के विद्यार्थी विश्विविद्यालय के विभिन्न संकायों मे अध्यनरत है।

**मेवाड स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन आज :** मेवाड़ विश्वविद्यालय में मेवाड़ स्वास्थ्य केन्द्र एवं डायग्नोसिस सेंटर का उद्घाटन आज विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया द्वारा प्रात: 10:30 बजे किया जायेगा जिसके तहत आम जनता के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं विभिन्न प्रकार की जांचे रियायती दरों पर की जायेगी जैसे रक्त, मूत्र, मलेरिया, डेंगू, डॉयबिटीज की जांच आदि। इससे विश्विद्यालय के आस पास के ग्रामीण क्षेत्र लाभान्वित होंगे।

# चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन आज

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन आज किया जाएगा। इसमें वर्ष 2017.18 के उतीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री वितरण की जाएगी। समारोह मे सम्मिलित होने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थियों ने बड़े पैमाने पर रजिस्ट्रेशन करवाया है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर डेढ बजे से होगी।

## व्यवसाय की खबर

# मेवाड़ स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन आज

**गंगरार** | मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में मेवाड़ स्वास्थ्य केंद्र एवं डायग्नोसिस सेंटर का उद्घाटन शनिवार को होगा। चेयरपर्सन डॉ. अशोककुमार गदिया सुबह 10:30 बजे उद्घाटन करेंगे। अस्पताल में आम जनता के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं विभिन्न जांचे रियायती दरों पर उपलब्ध रहेगी। परामर्श का समय सुबह 9 से 11 बजे व शाम को 4 से 6:30 बजे तक रहेगा।

# स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन आज

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय मे मेवाड़ स्वास्थ्य केन्द्र एवं डायग्नोसिस सेंटर का उद्घाटन शनिवार सुबह 10.30 बजे चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया करेंगे। यहां निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं विभिन्न प्रकार की जांचें रियायती दरों पर की जाएंगी। रक्त, मूत्र, मलेरिया, डेगूं, डॉयबिटीज की जांच की जाएगी। इसमें सीबीसी, एनालाइजर, बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र मशीनों से जांच की जाएगी। जांच का समय सुबह 9 बजे से 11 व शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक रहेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं डायग्नोसिस सेन्टर की स्थापना मेवाड़ विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल विभाग के अंतर्गत की गई है।